**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-947**

**जिसका उत्तर 27 जून, 2019 को दिया जाना है ।**

**प्रत्येक घर को बिजली**

**947. श्री कनकमल कटाराः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के प्रत्येक घर को बिजली प्रदान करने के अपने वादे को पूरा करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में उन घरों की राज्य-वार संख्या कितनी है, जिन्हें 31 मार्च, 2019 तक बिजली उपलब्ध कराई गई है;

(ग) राजस्थान में ऐसे घरों की संख्या कितनी है, जहां 31 मार्च, 2019 तक बिजली नहीं पहुँची है; और

(घ) 'सौभाग्य' योजना के अंतर्गत 31 मार्च, 2019 तक प्रत्येक राज्य को कितनी धनराशि आवंटित और स्वीकृत की गई है?

**उत्तर**

**विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री**

**(श्री आर. के. सिंह)**

**(क) :** देश के सभी ग्रामीण घरों में और शहरी क्षेत्रों में सभी गरीब घरों को अंतिम छोर की कनेक्टिविटी तथा विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराकर सभी घरों के विद्युतीकरण के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने अक्तूबर, 2017 में प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना - सौभाग्य की शुरूआत की।

**(ख) :** राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार सौभाग्य की शुरूआत के पश्चात ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों सहित 2.63 करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया गया है। राज्य-वार आंकड़े **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

**(ग) :** राजस्थान सरकार ने सौभाग्य पोर्टल पर पहले अद्यतन किया था कि 31.03.2019 तक राज्य में सभी घरों का विद्युतीकरण कर दिया गया है। तथापि, राज्य ने अब 10.06.2019 के पत्र के तहत सूचित किया है कि 1.56 लाख घर गैर विद्युतीकृत हैं।

**(घ) :** 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार सौभाग्य के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाओं और जारी निधियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के घरों के विद्युतीकरण सहित ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए देश में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) के अंतर्गत 42,676.67 करोड़ रुपए मूल्य की नई परियोजनाएं संस्वीकृत की गई थीं। घरों के विद्युतीकरण के कार्य को पूरा करने हेतु 14,270.33 करोड़ रुपए के अतिरिक्त अवसंरचनात्मक कार्य स्वीकृत किए गए थे।

********

**अनुबंध-I**

**लोक सभा में दिनांक 27.06.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 947 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*********

**सौभाग्य की शुरूआत से विद्युतीकृत घर (31.03.2019 की स्थिति के अनुसार)**

| क्रम सं. | राज्य | कुल विद्युतीकृत घर |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 181,930 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 47,089 |
| 3 | असम | 1,745,149 |
| 4 | बिहार | 3,259,041 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 749,397 |
| 6 | गुजरात | 41,317 |
| 7 | हरियाणा | 54,681 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 12,891 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 387,501 |
| 10 | झारखंड | 1,530,708 |
| 11 | कर्नाटक | 356,974 |
| 12 | मध्य प्रदेश | 1,984,264 |
| 13 | महाराष्ट्र | 1,517,922 |
| 14 | मणिपुर | 120,748 |
| 15 | मेघालय | 199,839 |
| 16 | मिजोरम | 27,970 |
| 17 | नागालैंड | 132,507 |
| 18 | ओडिशा | 2,452,444 |
| 19 | पुडुचेरी | 912 |
| 20 | पंजाब | 3,477 |
| 21 | राजस्थान | 1,862,736 |
| 22 | सिक्किम | 14,900 |
| 23 | तमिलनाडु | 2,170 |
| 24 | तेलंगाना | 515,084 |
| 25 | त्रिपुरा | 139,090 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 7,980,568 |
| 27 | उत्तराखंड | 248,751 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 732,290 |
| | **कुल** | **2,62,84,350** |

**********

**<u>अनुबंध-II</u>**

**लोक सभा में दिनांक 27.06.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 947 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*********

**सौभाग्य - संस्वीकृत परियोजनाओं की लागत और भारत सरकार द्वारा जारी की गई निधि (31.03.2019 की स्थिति के अनुसार)**

| क्रम सं. | राज्य | संस्वीकृत परियोजनाओं की लागत (करोड़ रुपए) | आरईसी द्वारा राज्यों की संवितरित की गई भारत सरकार निधि (करोड़ रुपए) |
|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 323.32 | 140.66 |
| 2 | असम | 972.86 | 444.71 |
| 3 | बिहार | 925.63 | 314.18 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 647.62 | 261.81 |
| 5 | हरियाणा | 18.19 | 0.00 |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 5.93 | 3.72 |
| 7 | जम्मू और कश्मीर | 133.43 | 53.24 |
| 8 | झारखंड | 887.12 | 152.43 |
| 9 | कर्नाटक | 78.66 | 0.00 |
| 10 | केरल | 90.00 | 15.20 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 872.64 | 407.47 |
| 12 | महाराष्ट्र | 405.88 | 162.13 |
| 13 | मणिपुर | 120.79 | 40.71 |
| 14 | मेघालय | 275.73 | 138.96 |
| 15 | मिजोरम | 45.62 | 34.62 |
| 16 | नागालैंड | 64.05 | 39.23 |
| 17 | ओडिशा | 524.76 | 244.77 |
| 18 | पंजाब | 1.77 | 0.00 |
| 19 | राजस्थान | 571.91 | 120.23 |
| 20 | सिक्किम | 2.24 | 0.00 |
| 21 | तेलंगाना | 35.05 | 0.00 |
| 22 | त्रिपुरा | 417.53 | 236.67 |
| 23 | उत्तर प्रदेश | 6,188.24 | 1386.62 |
| 24 | उत्तराखंड | 149.34 | 35.72 |
| 25 | पश्चिम बंगाल | 259.05 | 107.18 |
| | **कुल** | **14017.35** | **4340.24** |

**********